Need to refund investors? money from a Sahara Group Subsidiary-laid

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): सहारा समूह की सहायक कंपनी सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट्स रेंज लिमिटेड के लाखों निवेशकों के हजारों करोड़ रूपए की वापसी के लिए सरकार को गंभीर प्रयास करने चाहिए । इस हेतु सहारा की तमाम चल अचल सम्पत्ति को बेचकर, निवेशकों को उनके निवेश की राशि को ब्याज सहित लौटाने की व्यवस्था करनी चाहिए । लोगों की शिकायतों के बाद गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (SFIO) द्वारा सहारा क्यू शॉप की जांच की जा रही थी, उसका क्या परिणाम प्राप्त हुआ है? कितने निवेशकों का पता चला है और उनके पैसे को कहां डायवर्ट किया गया? मैं सरकार से मांग करता हूं कि सुब्रत रॉय की पैरोल को समाप्त करवा कर उसको तुरन्त जेल भेजना चाहिए और देश में जो सहारा सुप्रीमो द्वारा तमाम बेनामी संपत्ति की बिक्री से जो सहारा का साम्राज्य चल रहा है उसको ध्वस्त किया जाना चाहिए । मैं सरकार से पुनः मांग करता हूं कि एक विशेष कार्य दल बनाकर सहारा क्यू शॉप के निवेशकों के धन की अति शीघ्र वापसी के लिए व्यवस्था करे ।